Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)

Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01

सच का साथी

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक डिजीटल अखबार | खबर ही नहीं, खबरों का विश्लेषण भी | दिनांक 22-10-2021 | अंक 34

प्रकाशन वर्ष : 2021 | बरही से प्रकाशित एवं संचालित | संपर्क सूत्र :7004315535,7004704981,9934337941



## न्युज ब्रीफ

### मलकोको पंचायत से प्रयाग प्रसाद ने पेश किया मुखिया पद के दावेदारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



प्रयाग प्रसाद

बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के पड़रिया निवासी युवा उम्मीदवार प्रयाग प्रसाद ने मलकोको पंचायत से मुखिया पद के लिए दावेदारी पेश किया है। साथ ही उन्होंने अपने पंचयतवासियों से अपील किया है कि एक बार मुझे सहयोग करे ताकि मैं अपने पंचायत का विकाश कर सकु।

### सरपंच उम्मीदवार सुनीता मुर्मू ने शुरू की जनसंपर्क अभियान

**अपेम लाइव : चरही**
**अरविंद टुडु**



जनसंपर्क करती सुनीता मुर्मु

चुरचू प्रखण्ड के चनारो पंचायत के भावी सरपंच उम्मीदवार श्रीमती सुनीता मुर्मू ने अन्य महिलाओं से मिलकर पंचायत के विकास को लेकर चर्चा की। जिसमें जमाव लोगों द्वारा पंचायत विकास को लेकर चर्चा किया गया।

## आजादी का अमृत महोत्सव पर डीएवी स्कूल में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन, पारस, अभय ने मारी बाजी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**


डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में शुक्रवार को आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत पहले प्रोविजनल गवर्नमेंट इन फ्री इंडिया की याद में बच्चों के बीच सुभाष चंद्र बोस और आई एन ए की शौर्य गाथा का वर्णन किया गया । इस अवसर पर विद्यालय में कक्षा नवम से एकादश वर्ग में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हिंदी निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पारस कुमार जय और अभय आर्यन ने प्राप्त किया ।द्वितीय स्थान शुभ आशीष ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान श्रेया सिंह और अंशिका चंद्रवंशी ने प्राप्त किया। अंग्रेजी निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विद्या केसरी, द्वितीय स्थान तानिया राणा और तृतीय स्थान अनुभव राज ने प्राप्त किया ।सफल प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान करते हुए प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मनाए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। यह कार्यक्रम हमारा उन क्रांतिकारियों के प्रति एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी । जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपने आपको को बलिदान कर दिया। इसके साथ आने वाली पीढ़ी भी यह जान सकेगी कि हमारे पूर्वजों ने कितना बलिदान और त्याग के साथ हमें यह आजादी प्रदान की है ।विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने बताया कि 21 अक्टूबर के दिन ही पहली बार भारत में अंग्रेजों से भारतीय क्षेत्र को छीन कर पहली स्वतंत्र भारतीय सरकार की स्थापना की गई थी। जिसमें सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व और आजाद हिंद फौज की महत्वपूर्ण भागीदारी रही ।उन्होंने बच्चों को बताया कि हमें सुभाष चंद्र बोस के जीवन से अनुकरण करने की आवश्यकता है। सुभाष चंद्र बोस का जीवन एक सुदृढ़ और सफल नेतृत्वकर्ता का है ।उनका पूरा जीवन देश के प्रति समर्पित था और उनके नेतृत्व के कारण हीं आजाद हिंद फौज ने भारत की आजादी में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। इस कार्यक्रम की देखरेख सीसीए इंचार्ज राजेश कुमार सिन्हा के द्वारा की गई ।कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी रही।



कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी

## बरही पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य पद उम्मीदवार कपिल केशरी ने जनता के समक्ष रखा अपना विजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



कपिल प्रसाद केशरी

बरही पश्चिमी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य पद के लिए घोषित प्रत्याशी कपिल प्रसाद केशरी ने बरही के विकास के लिए अपना विजन जनता जनार्दन के समक्ष रखते हुए कहा कि

1. बरही क्षेत्र में रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इसे एक व्यावसायिक मण्डी एवं औद्योगिक क्षेत्र के तौर पर विकसित किया जाएगा। ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके।
2. बरही को नगर पालिका के तौर पर विकसित करना प्राथमिकता रहेगी। ताकि बरही चौक सहित आस पास के पंचायत को टाउनशिप की भांति विकसित किया जाएगा।
3. बरही प्रखंड मुख्यालय की ओर से बरही के ग्रामीण क्षेत्रो को विकसित करना प्राथमिकता रहेगी।
4. बरही में स्थानीय लोगों को व्यवसाय उपलब्ध कराने हेतु सभी से सुसज्जित एक पांच मंजिला वेण्डर मार्केट कम्प्लेक्स सरकारी सहयोग से बनवाया जाएगा। ताकि व्यवसायी वर्ग के लोग अपनी व्यवसाय को बढ़ा सकें।
5. बरही क्षेत्र में शिक्षा सुविधाओं को बढ़ावा देते हुए इसे एक एजुकेशनल हब के रूप में विकसित किया जाएगा। तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को रोजगार से जोड़ना उनकी प्राथमिकता रहेगी।
6. बरही में आम लोगों के शादी समारोह आयोजन हेतु एक भव्य बैंक्वेट हॉल/ मैरेज हॉल का निर्माण किया जाएगा। ताकि गरीब एवं असहाय लोगो को शादी विवाह संपन्न कराने में मदद मिल पाए।

उपरोक्त विकास की योजना को धरातल पर उतारने के लिए आपका समर्थन जरूरी है। आप पंचायत समिति सदस्य के लिए अपना आशीर्वाद दें। प्रमुख के बल पर विकास योजनाओं को कार्यरूप में लाना हमारी प्राथमिकता रहेगी। समर्थन, सहयोग व अर्शीवाद की अपेक्षा।

## अपेम लाइव न्यूज

### संध्या दैनिक अखबार के लिए प्रखंड स्तर पर संवाद सूत्र (पत्रकार) की जरूरत

यदि आपमें अपने समाज के दबे कुचले, अभिवंचित वर्ग के लिए कुछ करने की जूनून है, यदि आप भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाना चाहते हैं। यदि आप निःस्वार्थ भाव से पत्रकारिता करने को इच्छुक हों तो आप अपेम लाइव न्यूज संध्या दैनिक अखबार से जुड सकते हैं।

**जिला : हजारीबाग**

प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है- ईचाक, चरही, बडकागांव, कटकमसांडी, हजारीबाग सदर, कटकमदाग, पदमा, दारू, विजैया, चलकुसा, केरेडारी

**जिला : चतरा**

प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है- ईटखोरी, टंडवा, चतरा सदर, कन्हाचट्टी, प्रतापपुर, सिमरिया, मयूरहंड, हंटरगंज, लावालौंग, गिद्धौर,

**जिला : कोडरमा**

प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है- कोडरमा सदर, जयनगर, मरकच्चों, डोमचांच, सतगांवा

योग्यताः स्नातक , स्मार्ट मोबाइल हो, कंप्यूटर की जानकारी हो

संपर्क सूत्रः 9550809864, 9431129570, 9934337941

Email: liveapem@gmail.com ( for Resume)




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार   सहयोगीः सोनु पंडित, धनंजय कुमार   एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति   मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## हिंदू मुस्लिम मिलकर सैरा खातून को बनाएंगे कोनरा पंचायत की मुखिया: सुभाष पासवान

### हिंदू – मुस्लिम समाज के कई लोगो ने खुलकर किया कोनरा मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून को समर्थन करने का ऐलान


सैरा खातून, मुखिया प्रत्याशी, कोनरा पंचायत


रामदेव साव


सुभाष पासवान


कुनाल कतरियार


मंटु सिंह



नूनू केशरी


बिनोद कुमार

**अपेम लाइवः बरही**

बरही प्रखंड के कोनरा पंचायत में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। चुनाव को लेकर अब खुलकर प्रत्याशी अपना अपना नाम का ऐलान करने लगे हैं। ऐसे ही में कोनरा पंचायत के अब तक सबसे अनुभवी उम्मीदवार सैरा खातून ने भी अपनी मुखिया पद की उम्मीदवारी पेश करते हुए जन संपर्क शुरू कर दिया है। सबसे खास बात कि कोनरा एवं आस पास के हिंदू समाज के लोग भी सैरा खातून के पक्ष में जनसंपर्क करना शुरू भी कर दिया है। ज्ञात हो कि जहां एक ओर मुस्लिम बहुल कोनरा में सैरा खातून का जनाधार पूर्व से ही रहा है। वहीं इस बार हिंदू समाज के कई लोगों के समर्थन करने का ऐलान के बाद चुनाव दिलचस्प हो गया है। आइए जानते हैं सैरा खातून को समर्थन करने वाले हिंदू समाज के लोगों का क्या कहना है।

1.रामदेव सावः कोनरा निवासी सुहाग जेनरल स्टोर के संचालक रामदेव साव ने कहा कि सैरा खातून एक अनुभवी उम्मीदवार है। हिंदू मुस्लिम को साथ लेकर चलने वाली महिला है। जितना प्रेम स्नेह सैरा खातून मुस्लिम समुदाय से करती हैं। उतना ही हिंदू समाज के साथ भी इनका गहरा लगाव है। हम सब इस बार सैरा खातून को ही कोनरा पंचायत की मुखिया बनाना चाहते हैं।

2. सुभाष पासवानः बरही थाना के समीप रहने वाले सुभाष पासवान ने कहा कि हम सब इसके पूर्व भी मुखिया के लिए अपना समर्थन दिए थे। बहुत ही कम वोट से दूसरे स्थान पर रही थी। लेंकिन इस बार हिंदू एवं मुस्लिम मिलकर कोनरा के विकास के लिए, बिचौलियागिरी को खत्म करने के लिए सैरा खातून को मुखिया बनाने का काम करेंगे।

3. बिनोद कुमार : कोनरा पंचायत के मुखिया पद की प्रबल दावेदार सैरा खातून के साथ हमलोग हैं। इन्होने गरीब असहाय एवं अभिवंचित वर्ग के लोगों के लिए हमेशा काम करते रहे। इन्होने कई गरीब बच्चियों को शादी कराई । कोनरा काल में गरीबो के घर तक राशन पहुंचाया। कोनरा की यदि कोई विकास कर सकता है, तो वह मात्र सैरा खातून है।

4 कुनाल कतरियार : कांग्रेस नेता कुनाल कतरियार ने सैरा खातून का समर्थन करते हुए कहा कि सैरा खातून के नेतृत्व में ही कोनरा का विकास संभव है। रियाडा विस्थापितों को उनका वाजिब हक दिलाने का काम अगर कोई कर सकती है तो वह सैरा खातून ही है।

5 नुनू केशरी : समाजिक कार्यकर्ता नुनू केशरी ने भी सैरा खातून के पक्ष में जन. संपर्क चलाने का ऐलान करते हुए कहा कि कोनरा, बरही पूर्वी एवं बरही पश्चिमी के टाउन क्षेत्र का पंचायत है। इन तीनो पंचायतो के समग्र विकास के लिए मजबूत एवं कर्मठ मुखिया की जरूरत है। ऐसे में सैरा खातून फीट बैठ्ती है। इस लिए कोनरा की जनता को इस बार सैरा खातून को मुखिया बनाने के लिए पहल करनी चाहिए।

6. मंटु सिंहः कांग्रेस नेता मंटु सिंह ने भी सैरा खातुन की उम्मीदवारी पर अपना समर्थन व्यक्त करते हुए कहा कि हमलोग कोनरा पंचायत में गहन जन संपर्क चलाकर कोनरा की जनता को आश्वस्त करेंगे कि कोनरा पंचायत की मुखिया सैरा खातून के बनते ही कोनरा के विकास में कोई कोर कसर नही छोडा जाएगा।

हिंदू मुस्लिम समाज के उन लोगो के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सैरा खातून ने कहा जिन्होने समर्थन करने का एलान किया है उनके विश्वास को कभी टूटने नही दूंगी। उन्होने कहा कि कोनरा की जनता चाहे वह हिंदू हो या मुस्लिम सभी को समान दृष्टि से मान सम्मान के साथ काम करूंगी। एक बार समर्थन दें।

## 100 करोड़ वैक्सीनेशन में अनुमंडलीय अस्पताल का 1.04 लाख का योगदान, मनाया वैक्सीनेशन उत्सव

### मास्क का नियमित प्रयोग अंत्यत आवश्यक :डॉ प्रकाश ज्ञानी

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

भारत मे 100 करोड़ वैक्सीनशन पूरा होने के उपलक्ष्य में अनुमंडलीय अस्पताल बरही में कोविड प्रभारी डॉ० प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में वैक्सीनेशन उत्सव मनाया गया। इस दौरान सभी डॉक्टर, चिकित्सा कर्मियों, सहियाओं ने विक्टरी साइन देकर तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। डॉ० प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि बरही अनुमंडल अंतर्गत कुल आबादी 2 लाख 24 हज़ार 6 सो 36 है। जिनमे अभी तक 18 वर्ष के ऊपर उम्र वालों का 1 लाख 4 हज़ार लोगों को वैक्सीन दिया गया है। उन्होंने बताया कि 83 हज़ार 6 सौ 62 लोंगो को पहला डोज़ तथा बीस हज़ार तीन सौ अट्ठासी लोगो को दूसरा डोज़ दिया जा चुका है। कुल आबादी जो 18 वर्ष से ऊपर के है उनमें 60 प्रतिशत से ज्यादा जनसंख्या को वै. क्सीन पूरा किया गया है।इस अवसर पर उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि कोविड टीकाकरण से सुरक्षा तो बढ़ी ही है। अब एक बड़ी आबादी ऐसी है जिसे दोनों टीके लग चुके हैं जिससे संक्रमण में भी कमी आई है। लेकिन इसका मतलब ये भी नहीं है कि महामारी ख़त्म हो गई है। वैक्सीनशन से मृत्यु दर में भी बहुत कमी भी आई है। कोविड की रोकथाम के लिए ज़रूरी व्यवहार को अब भी अपनाए रखना होगा तथा कोविड नियमो का लगातार पालन करते रहना है। त्योहार के समय मे भीड़भाड़ की स्थिति बनी रहती है इसलिए मास्क का नियमित प्रयोग अंत्यत ही आवश्यक है।मौके पर प्रकाश ज्ञानी, डॉ० अनुभा कुमारी, बीपीएम नारायण , बिजेंद्र, सुधांशु शेखर, नागेंद्र प्रसाद, अनिता कुमारी, बिनोद कुमार यादव, ड० नीलू कुमारी, सहिया सरोज देवी आदि उपस्थित रहे।


वैक्सीनेशन उत्सव मनाते स्वास्थ्यकर्मी

## खेरौंन में आयोजित रात्रि फुटबॉल प्रतियोगिता का विजेता बना कुरागढा, पूर्व विधायक ने किया पुरुस्कृत

### फिट रहने के लिए खेल जरूरी, खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा : मनोज यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

खेरौंन में पिछले आठ सितंबर से आयोजित रात्रि फुटब०ल प्रतियो. गिता का रंगारंग समापन गुरुवार रात्रि को हुआ। बतौर मुख्यातिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। फाइनल मुकाबला कुरागड्डा बनाम देवचन्दा के बीच खेला गया। जिसमें रोमांचक मुकाबले में दुरागड्डा ने देवचन्दा को पराजित कर खिताब पर जमाया कब्जा। खिलाड़ियो का मनोबल बढ़ाते हुए बरही के पूर्व विधायक ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। कहा फिट रहने के खेल जरूरी है। आर्मी, दरोगा, आदि क्षेत्र में कैरियर बनाने के लिए आपको फिट होना जरूरी है। पूर्व विधायक ने विजेता व उपविजेता टीम को बधाई देते हुए भविष्य की शुभकामनाएँ दिया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, आजसू प्रभारी राजसिंह चौहान,भाजपा नेता भोला सिंह, गोरिया कर्मा पूर्व मुखीया प्रति. निधि दुलार यादव, केदारुत पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, जिला परिषद भावी उम्मीदवार बद्री गोप, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सतेंद्र सिंह, अवधेश सिंह, राधेशयम सिंह,आर्मी जवान पंकज यादव, अशोक सिंह, चतरा जिला भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण सिंह सहित कई ग्रामीण व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


पुरस्कृत करते पूर्व विधायक मनोज यादव एवं अन्य

## झारखंड में मंदिरों का प्रबंधन हिंदू समाज देखेगा, ना कि तुगलकी सरकार : रीतेश सिंह

**अपेम लाइव : रॉची**

हेमंत सरकार झारखंड में गैर मुसलमानों के साथ तुगलकी व्यवहार कर रही है। दुर्गा पूजा के विसर्जन जुलूस निकालने पर एफआईआर दर्ज करती है, वही एक विशेष समुदाय को जुलूस निकालने पर, तुगलकी सरकार प्रशासन को भी मौन कर देती है। इतना सब करने के बाद भी इस सरकार का मन नहीं भरता तो झारखंड के मंदिरों को सरकारी नियंत्रण में लेना शुरू कर दिया है। देवड़ी मंदिर की व्यवस्था ठीक नहीं का बहाना लेकर, मंदिर कि दानपेटी पर सरकारी ताला लगाना, प्रसाद की दुकानों को हटवा देना और धार्मिक परंपराओं से भी छेड़छाड़ करना, हेमंत सरकार ने आरंभ कर दिया है। उक्त बाते भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता रितेश सिंह ने प्रेस ब्यान जारी करते हुए कहा है। उन्होने कहा कि जब देश में मस्जिदों का प्रबंधन वक्फ बोर्ड कमेटी करती है, गुरुद्वारा का प्रबंधन गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी और इसी प्रकार चर्च की भी अपनी स्थानीय व्यवस्था, प्रबंधन का कार्य करती है तो हिंदू समाज के मंदिरों का प्रबंधन भी हिंदू समाज के लोग करेंगे, ना कि सरकार की ओर से थोपा गया कोई अधिकारी और मंदिर में आने वाले दान का उपयोग हिंदू धर्म के प्रचार व कल्याण के लिए होना चाहिए ना कि सरकार के द्वारा अन्य उपयोग में। झारखंड में किसी भी कीमत पर तुगलकी और औरंगजेबी व्यवस्था लागू नहीं होने देंगे।


रितेश सिंह

## समाजसेवी छोटेलाल यादव की बहु मुखिया प्रत्याशी सोनी कुमारी ने चलाया जनसंपर्क

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर निवासी समा. जसेवी छोटेलाल यादव की बहू सोनी कुमारी ने अपने क्षेत्र में जाकर लोगो की समस्या सुनी, किन्ही का वृद्धा पेंशन की समस्या, राशन कार्ड नही बनने की समस्या, साथ ही कई अन्य समस्या से अवगत हुई। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि हमारे पंचायत के पूर्व मुखिया ने विकास के नाम पर सिर्फ लूट किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर आप अपना पंचायत में विकास चाहते है तो शिक्षित एवं युवा उम्मीदवार को चुने जो आपके पंचायत का विकास करे। हम विकास करना चाहते है। आपका समर्थन की जरूरत है।


सोनी कुमारी

अपनी खबरें अपेम लाइव न्युज मे प्रकाशित करने के लिए संर्पक करें
9122222016, 9550809864, 9431129570

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

## सिंघरावां पैक्स के निर्विराध अध्यक्ष निर्वाचित हुए, बिन्दो साव

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

सिंघरावां पैक्स अध्यक्ष पद के लिए निर्धारित तारीख तक अध्यक्ष पद हेतु सिर्फ एक ही नामांकन सिंघरावां निवासी बिन्दो साव के रूप में हुवा। वही 10 कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सभी सदस्य भी निर्विरोधी निर्वाचित हुए। इससे पूर्व बिन्दो साव ने अपने समर्थकों संग निर्वाचित पदाधिकारी सह प्रभारी एमओ भूपनाथ महतो के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। कागजात जांचोपरांत श्री महतो ने बिन्दो साव कप विजय घोषित किया। पैक्स अध्यक्ष घोषित होने के बाद बिन्दो साव ने सभी समर्थकों व शुभचिंताओ के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुझे पैक्स अध्यक्ष के रूप में जो भी जिम्मेवारी दिया दिया जाएगा उसका निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करूँगा। कहा किसान हित में जो भी कार्य होगा मैं करूँगा व उनकी समस्या निदान के लिए हमेशा तत्पर रहूँगा। जीत की बधाई देने वालो में निर्वतमान पैक्स अध्यक्ष नौसाद खान, सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चनद्रवंशी, समाजसेवी संतोष सिंह, पंचायत समिति सदस्य सियाराम सिंह, अशोक चन्द्रवंशी, पंचायत समिति प्रतिनिधि बिरेन्द्र चन्द्रवंशी, मनीष यादव, पत्रकार विजय मधेशिया सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे



निर्वाचित पैक्स अध्यक्ष बिन्दो साव व अन्य

## जीप प्रतिनिधि ने की ट्रांसफार्मर लगाने की अपील

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**

सांसद सह जिला परिषद प्रतिनिधि केदार साव ने प्रखण्ड क्षेत्र में जले हुए ट्रांसफार्मर बदलने तथा बिजली के लचर व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर अधीक्षण अभियंता हजारीबाग से मिले उन्होंने विद्युत आपूर्ति सम्बंधित समस्या का समाधान करने के लिए अनुरोध किया। मौके पर अधीक्षण अभियंता ने कहा कि ट्रांसफार्मर का तेल उपलब्ध नही है जिसके कारण जले हुए ट्रांसफार्मर की मरम्मत नहीं हो पा रही है। सांसद प्रतिनिधि केदार साव ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा तेल तथा आवश्यक सामग्री नहीं उपलब्ध कराने के कारण आम लोगों को कई दिनों तक ट्रांसफार्मर व नियमित बिजली नहीं मिल पा रही है मिल पा रहा है। राज्य सरकार के अनदेखी से ट्रांसफार्मर मरम्मत नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण विभाग उपभोक्ताओं को ट्रांसफार्मर एवं बिजली समय पर नहीं दे रहें हैं। मैं राज्य सरकार से मांग करता हूं क्षेत्र में 15 दिनों के अंदर ट्रांसफार्मर बदलने काम किया जाए नहीं तो आम जनता बाध्य होकर राज्य सरकार के विरुद्ध आंदोलन करने पर मजबुर हो जाएगी।



अधीक्षण अभियंता से बात करते केदार साव

## सलैया पंचायत से मुखिया पद से सूर्यदेव मंडल उर्फ टिंकु ने दावेदारी की

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**

जैसे जैसे पंचायत चुनाव की तारीखें चर्चा हो रही है वैसे वैसे पंचायत चुनाव में प्रत्याशियों के दावेदारों की चर्चा आने लगी है इसी कड़ी में सलैया पंचायत से सूर्यदेव मंडल (टिंकु) पिता स्व ओमप्रकाश प्रसाद ने अपनी मुखिया पद की दावेदारी पेश की ज्ञात हो सूर्यदेव मंडल की पत्नी रिंकी कुमारी वर्तमान में सलैया पंचायत से पंसस है सूर्यदेव मंडल का कहना है की मेरे स्व पिता जी का सपना था कि सलैया के विकास में हम पूरा योगदान दे उनके सपनों को साकार करने व पंचायत के विकास को लेकर ही पिछले पांच वर्षो से प्रखण्ड, अंचल व थाना से सम्बंधित मामलों को लेकर जनता से सीधा जुड़ाव रहा है ग्रामीणों के कार्यो को लेकर 24 घण्टे तैयार रहता हूँ मेरा उद्देश्य है पंचायत के दोनों का गांव में सर्वांगीण विकास सभी गली नली मो. हल्ले की पक्कीकरण, नाली निर्माण व पीसीसी पथ का सम्पूर्ण विकास किया जाएगा सलैया पंचायत की हर समस्या का समाधान करेंगे। गरीब लोगों को पीएम आवास,बिरसा आवास, एवं राशन कार्ड व जरूरतमंद लोगों को पेंशन उपलब्ध कराएंगे ।


सूर्यदेव मंडल

## राधिका देवी ने मुखिया पद के लिए पेश की दावेदारी

**अपेम लाइव : चरही**
**अरविन्द टुडु**




चुरचू प्रखण्ड के इन्दरा पंचायत मुखिया उम्मीदवार के रूप में इन्दरा के टोला कोदवा टांड़ से इन्दरा पंचायत के लिए भावी प्रत्याशी के रूप में श्रीमती राधिका देवी उभर रही है। श्रीमती राधिका देवी ने इन्दरा पंचायत में मुखिया प्रत्याशी के लिए संखनाद किया। जिससे राधिका देवी को भावी प्रत्याशी के रूप में माना जा रहा है। मुखिया उम्मीदवार राधिका देवी ने बताई कि पंचायत के जनता का सहयोग से मैं चुनाव मैदान में आ रही हुं। साथ ही उन्होंने कहा कि जनता और मेरा गठजोड़ वर्षो से रहा है, हमलोगों ने अपना अपना दुःख सुख को एक दूसरे पर आदान प्रदान कर संकट को भी हराया है। जिसका परिणाम मुझे इन्दरा पंचायत का मुखिया उम्मीदवार के रूप में मिला है। बैठक में मुख्य रूप से इन्दरा पंचायत मुखिया दशरथ महतो, बा. लकुमार महतो, आफिक राजा, मिस्टर बाबू, एहसान अंसारी, जमाल अंसारी, तेमामुल एहसान, नागेश्वर महतो, कैलाश मल्हार, काली मल्हार, छोटन, खुशीराम मेहता, सितासू देवी, कुंती देवी, गाजिया देवी, मुरमानी देवी, फुलेश्वरी देवी, ललीता देवी, सुनिता देवी, प्रदीप मल्हार, अनवरी खातून, फिरोज खातून सहित सैकड़ों महिला पुरूष उपस्थित थे।

### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---23.10.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके:---1943
याम्यायन याम्यगोलरू
ऋतु:---शरद
माह:---कार्तिक
पक्ष:--कृष्ण पक्ष
तिथि:---तृतीया तिथि
दिन:---शनिवार
नक्षत्र:--—तिका नक्षत्र
योग:---व्यतिपात
करण:---वा
सूर्योदय :--प्रात: 06:22
सूर्यास्त : संध्या 05:38
सूर्य :---तुला राशि में
चंद्रमा :---वृष राशि में
आज का राहूकाल दिन:---09:00 बजे से
दिन:---10:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त:-दोपहर 11:36 से 12:24 तक
आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खास:---आज हनुमान चालीसा का सात पाठ करने से भय से संबंधित समस्या समाप्त होता है।



आलेख:---
संदीप शर्मा
वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर
इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

## मसकेडीह रेलवे पुल बना तालाब आवागमन में बढ़ी परेशानी

### रास्ते के गड्ढे में घट सकती है बड़ी घटना' ग्रामीणों ने समस्या को समाप्त करने की लगायी गुहार

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार / बिक्रम सिंह**

चलकुशा प्रखंड अंतर्गत पंचायत मसकेडीह के चौबे -चलकुशा मुख्य मार्ग पीडब्ल्यूडी मार्ग को जोड़नेवाली इस रास्ते मे मसकेडीह के समीप रेलवे पुल की हालत खराब है यह तालाब में तब्दील हो गया है ज्ञात हो यह रेलवे अंडरपास ब्रिटिश शासन काल के दौरान ही ग्रामीणों के आवागमन के लिए बना है जिसके नीचे से ही मुख्य सड़क गूजरी है उक्त रास्ते से प्रखंड कार्यालय चलकुशा के कार्यो के लिए प्रति दिन सैकड़ो की संख्या में वाहनों का आवागमन होती है,लेकिन फिलहाल पुल का स्थिति इस प्रकार जर्जर हो चुका है कि उसके नीचे बने रास्ते पर तकरीबन दो -दो फिट के बड़े- बड़े गढ़े है जिससे कभी भी कोई बडी घटना घट सकती है इतना ही नही रेल विभाग के द्वारा रास्ते के बीचों - बीच मे ही में लोहे का दो खंभे गाड़ रखे जो रास्ते को पूरी तरह से अवरोध कर रखा है, बड़ी -बड़ी वाहनों के लिए गाड़े हुए खम्बे से ऊपर सटने के कारण आवागमन बाधित है, एवम छोटी वाहन तथा दो पहिये वाहन रोड में बने गड्ढे से परेशान है, इसके लेकर रेल विभाग के प्रति चौबे- खरगु के लोगो मे काफी आक्रोश उक्त समस्या को दूर करने के लिए स्थानीय समाजसेवी अशोक यादव, मथुरा यादव, सहदेव यादव, सीताराम पंडित राजेश यादव, हिरामन महतो, महादेव चौधरी, सुरेन्द्र यादव, अरुण यादव ग्रामीण समाजसेवियों ने स्थानीय सांसद सह शिक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार अन्नपूर्णा देवी व विधायक अमित कुमार यादव से इस समस्या को समाप्त करने की गुहार लगाई है


तालाब मे तब्दील रेलवे पुल



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## सड़क दुर्घटना में नियंत्रण हेतु लगाया गया सेफ्टी बैरियर, बरसोत प्रधान प्रतिनिधि विष्णुधारी महतो ने किया सहयोग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**


बैरीयर लगवाते बिष्णुधारी महतो

बरही अनुमंडल क्षेत्र में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटना को लेकर शुक्रवार मो सुबह 10 बजे बरसोत्त चौक पर बरसोत्त प्रधान प्रतिनिधि विष्णुधारी महतो के प्रयास एवं राष्ट्रीय राज मार्ग 02 चौड़ीकरण के संवेदक रिलांयस इंफ्रास्ट्रक्चर के एमडी पंकज पांडेय, प्रोजेक्ट मैनेजर बी बी सिंह, सेफ्टी अ०फिसर इमरान खान के सहयोग से सेफ्टी बैरियर लगाया गया। मौके पर बरसोत प्रधान प्रति. निधि विष्णुधारी महतो ने बताया कि बरसोत में आए दिन सड़क दुर्घटनाएँ हो रही हैं और वाहन चालक स्वयं जागरूक नहीं हो पा रहे हैं। अतः सड़क दुर्घटनाओं से क्षेत्र को बचाने के लिए यह सुरक्षा बैरियर लगाया गया। बताया गया कि सुरक्षा बैरियर लगने से सड़क दुर्घटना के कम होने की सम्भवना होती है। मौके पर साथ कम्पनी के सुरक्षा दल की टीम में अक्षय गुप्ता, शनि गुप्ता आदि मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में 2 की मौत,ड्राइवर सहित 3 घायल

**अपेम लाइव : रॉंची**



दुर्घटनाग्रस्त ट्रक

थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआडांड़-चंपा मुख्य पथ के मेराम घाटी में सीमेंट लदा ट्रक नं सीजी 15 डीसी 1984 के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो मज. दूरों की मौत हो गई वही ड्राइवर सहित तीन लोग घायल हो गए।इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर से सीमेंट लोड कर के महुआडांड़ लाया जा रहा था इसी दरमियान मेराम घाटी में ट्रक अनियंत्रित होकर पलटी कर गई जिससे सीमेंट में दबने से मजदूर तिलासाय बरगाई(32) पिता जग. मोहन बरगाई एवं एड़ी बरगाई(33) पिता स्व चंद्र बरगाई की मौके पर ही मृत्यु हो गई,एवं मजदूर रामवृक्ष कोरवा(50),कहरु कोरवा(40) घायल हो गए।सभी मजदूर छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिला अंतर्गत शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के जमड़ी ग्राम निवासी थे।वही दुर्घटना में ड्राइवर अंजर अहमद पिता इंतेजारुल हक् ट्रक के केबिन में फंस गए जिन्हें गैस कटर से काट कर बाहर निकाला गया,वह भी घायल थे,सभी घायलों का इलाज सीएचसी महुआडांड़ में किया गया।सभी घायल खतरे से बाहर बताए जा रहे है।वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेज़ दी।गौरतलब है कि मेराम घाटी में कुछ दिनों पूर्व ही एक और ट्रक दुर्घटना ग्रस्त हुई थी उसी जगह पर यह दुर्घटना घटित हुई।

## जागेश्वर नायक ने बेलकप्पी दक्षिणी से पंचायत समिति सदस्य पद के लिए पेश की दावेदारी

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**अजित कुमार**


जागेश्वर नायक

बेलकप्पी दक्षिणी पंचायत समिति सदस्य से सुयोग, संघर्षशील कर्मठ, शिक्षित जागेश्वर नायक ने दावेदारी पेश की हैं। श्री नायक ने कहा कि जनता ने फिर से मौका दिया तो क्षेत्र में विकास करूंगा। इसके साथ ही कहा गरीबो को संही मायने में न्याय नहीं मिल रहा है। लोग भ्रष्ट भ्रष्ट व्यवस्था के चंगुल में फंस चुके है। जिसके वजह से उन्हें न्याय नही मिल पाता है। हम न्याय दिलाने के लिए कोई कोर कसर नही छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि एक बार पहले भी बेलकप्पी पंचायत की जनता का प्यार और आशीर्वाद मिला है। इस बार पूर्ण सहयोग की उम्मीद है।

## हाथियों का फिर से आतंक, एक पशुशेड ध्वस्त सहित दुधारू पशु के साथ-साथ कई घरों को बनाया निशाना,लोगों में दहशत

**अपेम लाइव : रॉंची**


हाथियों द्वारा ध्वस्त मकान को दिखाता पिडित व्यक्ति

सतगावां थाना क्षेत्र के राजाबर पंचायत के रंगैनियाँ,डढ़ो गांव में गुरुवार की संध्या जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व थाना क्षेत्र में पिछले दिनों हाथियों का आवागमन से कोठियार पंचायत के नावाडीह गांव के बरमसिया टोला में सोधन राय पिता माहो राय को घर से बेघर कर दिया वहीँ वन विभाग के पहल पर सतगावां थाना क्षेत्र से हाथियों को नियंत्रित तरीके से गावां थाना क्षेत्र की ओर भगाने में सफल रहें लेकिन गावां थाना क्षेत्र के वन विभाग के द्वारा हाथियों को सतगावां की ओर भगाने का प्रयास किया लेकिन हाथियों ने गावां थाना क्षेत्र के केंद. ुआडीह में बुधवार को कई मशीन, घर को क्षति पहुंचाया इसके अलावा हाथियों ने केंदुआडीह के जंगली क्षेत्र में दिनभर पहाड़ी के चोटी पर जमे रहे इसके बाद गुरुवार की संध्या हाथियों का आवागमन सतगावां थाना क्षेत्र के राजाबर पंचायत के रंगैनियाँ,डेढो में हुआ गुरुवार की देर शाम 7:30 बजे जमकर उत्पात मचाया जिससे पशुशेड के साथ साथ एक दुधारू पशु की मौत मौके पर ही हो गई साथ ही साथ धान की फसल सहित अरहर, सब्जी की फसल को काफी नुकसान पहुंचाया इसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा वन विभाग को दी गई सूचना पाकर वन विभाग के रेंजर सुरेंद्र कुमार सिंह के नेतृव में वनरक्षी अनिल कुमार, पिंटू पंडित, देवनारायण दास, रविन्द्र पंडित आदि ने टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर हाथियों को भगाने के लिए पटाखे छोड़े व मशाल जलाकर हाथियों को जंगल की ओर भागने पर मजबूर किया इस घटना से अगल बगल के क्षेत्रों में खलबली मच गई है साथ ही साथ जंगली क्षेत्र में बसे ग्रामीणों के बीच भय का वातावरण बना हुआ है इधर शुक्रवार को हाथियों की झुंड को बैगना गांव के जंगली क्षेत्र में रहने की सूचना मिली है वन विभाग के टीम के द्वारा हाथियों से बचने के लिए लोगों को सावधान रहने के लिए अपील की गई है साथ ही साथ ग्रामीणों को जंगल की ओर नहीं जाने के लिए प्रेरित किया गया है समाचार लिखे जाने तक हाथियों को बैगना जंगल में ही किसी सुरक्षित स्थान पर बैठे रहने की बात बताई जा रही है वन विभाग के लोगों ने बताया कि दिन में हाथी जंगल में रहते हैं शाम होते ही घर व खेत की ओर चारा खाने के लिए निकल पड़ते हैं अभी भी हाथियों का झुंड जंगल में ही रहने की बात बताई गई है वहीं दूसरी ओर रंगैनिया के पीड़ित परिवार चंद्रिका राय ने बताया कि मेरे पशुशेड में बंधे मवेशी को हाथियों के द्वारा अपने चपेट में ले लिया जिससे मेरा एक दुधारू पशु की मौत हो गई वहीँ डढ़ो स्थित मनरेगा के द्वारा निर्मित पशुशेड व हमारे द्वारा बनाये गए गौशाला को भी हाथियों के द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया साथ ही साथ धान,अरहर की फसल सहित सब्जी के फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचाया सभी मिलाकर लाख रुपये की क्षति हुई है। साथ ही साथ हाथियों को आते हुए देख घर से सभी ग्रामीण लोग अपने समस्त गांव वाले के साथ जा. ेगीडीह की ओर भाग गए नहीं तो कई लोगों की जान जा सकती थी अनुमान लगाया जा रहा है कि हाथियों का झुंड बैगना की ओर हो सकते हैं।वहीँ डेढ़ो में सुरेश राय पिता पिता बालदेव राय के घर के बंगला को क्षतिग्रस्त के साथ साथ घर में रखे अनाज मकई, गेंहू के साथ दुलदुलिया के पौधों को नुकसान के साथ साथ देवी स्थान का पीड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया वहीँ भगीरथ राय पिता स्व रघु राय के घर में हाथियों ने घुसकर घर में रखे अनाज को बर्बाद कर दिया वहीँ मृत दुधारू पशु का पोस्टमार्टम कराया गया

## पंचायत चुनाव की तैयारियो में जुटा प्रसाशन, जनप्रतिनिधियों संग थाना प्रभारी ने किया बैठक

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



जनप्रतिनिधियों संग बैठक करते थाना प्रभारी

थाना प्रभारी स्वापन कुमार महतो ने थाना परिसर में आगामी पंचायत चुनाव सबधिति जायजा लेने के लिए चौपारण मुखिया संघ के साथ बैठक किया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रखण्ड के लगभग 250 मतदान केंद्रों पर वास्तु स्तिथि का जायजा लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि सेंसेटिव बूथों को चिन्हित कर पुख्ता सुरक्षा व्यावस्था मुहैया कराया जाएगा। कहा बूथ वाइस कमियों व मूलभूत सुविधायों जैसे बिजली, पानी आदि की कमियों से वरीय पदाधिक. ारियो को अवगत कराया जाएगा। कहा मुलभत मुखिया शौकत खान, बिनोद सिंह, पप्पू रजक, मो सफाल, सांसद प्रतिनिधि सह मुखिया प्रति. निधि मुकुंद साव, मुखिया प्रतिनिधि रितेश सिंह, मुखिया मोहन साव, मानगढ़ प्रतिनिधि छोटू चनद्रवंशी, प्रदीप चनद्रवंशी, मुखिया शंभू नारायण सिंह, रामपुर मुखिया वीना देवी, सहित अन्य

## गौरियकर्मा पंचायत के भावी मुखिया प्रत्याशी के तौर पर कुमारी मीरा ने पेश की दावेदारी

### शिक्षा , स्वास्थ्य एवं कृषि कार्य को दी जाएगी प्राथमिकता : कुमारी मीरा

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**


कुमारी मीरा

कुमारी मीरा गौरियाकर्मा की पूर्व मुखिया दुलारी देवी एवं वरिष्ठ समाजसेवी दुलार यादव की बहू है। इनकी शिक्षा एमए बीएड है। दावेदारी पेश करते हुए मुखिया उम्मीदवार कुमारी मीरा ने बताया कि पिछले पांच सालों में गौरिया कर्मा का जितना विकास होनी चाहिए थी, उतना नही हो पाया। आज भी सरकारी स्कूलों में संसाधन का घोर अभाव है। गौरिया कर्मा में कहने को तो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है, लेकिन यहां के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं नही मिल रही है। डॉक्टर्स आते नही है जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है। इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यदि गौरिया कर्मा की जनता उन्हें अपना आशीर्वाद देकर मुखिया बनाती है तो सबसे पहले स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार लाया जाएगा। डॉक्टर्स की उपस्थिति अनिवार्य की जाएगी। शिक्षा में सुधार करना प्राथमिकता रहेगी। आंगनबाड़ी से मिलने वाले सुविधा शत प्रतिशत दिलाने का प्रयास रहेगी। महिला सशक्तिकरण पर जोर रहेगा। आवासहीन लोगो को प्राथमिकता के आधार पर आवास मुहैया कराया जाएगा। तहसील कचहरी को चालू कराया जाएगा। आईसीएआर से समन्वय बनाकर किसानों को प्रशिक्षण दिलवाकर कृषि कार्य को प्राथमिकता दी जाएगी।। उन्होंने गौरिया कर्मा से सहयोग की अपील की है।







डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार   सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार   एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति   मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

दिनांक: 22-10- 2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 05

# चौपारण जिला परिषद भाग 2 के योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबों का मसीहा, भावी उम्मीदवार मनोज कुमार सिंह। जानिए इनके बारें में.



मनोज कुमार सिंह, जिप प्रत्यशी, चौपारण भाग 2

## पारिवारिक पृष्ठभूमि

नामः मनोज कुमार सिंह

पिताः स्व रामलखन सिंह

निवास स्थानः कुतलू

पंचायतः जगदीशपुर

जिला परिषद क्षेत्रः चौपारण भाग 2

पेशाः व्यवसाय एवं समाजसेवा

## राजनीतिक व समाजिक पृष्ठभूमि

राजनीतिक

1. भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य,
2. भाजपा झारखंड सेल अध्यक्ष, मुंबई,

सामाजिक

1. झारखंडवासी महाराष्ट्र युवा मंच कोर कमेटी अध्यक्ष

## हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1.चौपारण के प्रवासी मजदूरों के लिए चौपारण क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्थ करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. चौपारण में स्नातक स्तर का कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना ।
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं चौपारण में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना ।
9. किसानों के खेतो तक सिंचाई के लिए लिफ्ट इरिंगेशन की व्यवस्था करना ।
10.कुंभकार भाईयों सहित सभी तमरह के कारीगरों को प्रशिक्षण की व्यवस्था कर स्वरोजगार से जोडना ।

# चौपारण भाग 2 के भावी उम्मीदवार मनोज कुमार सिंह के द्वारा किए गए कार्यों की कुछ झलकियां, जनता का समर्थन, अर्शीवाद से बदलेगा चौपारण की तस्वीर ..



बच्चो एवं महिलाओं के बीच छतरी का वितरण करते मनोज कु सिंह



प्रवासी मजदूर का शव का भिजवाते मनोज कुमार सिंह



बच्चों के बीच पुस्तक वितरण करते मनोज कुमार सिंह



खिलाडियों को सम्मानित करते मनोज कुमार सिंह



ईद मिलादून्नबी की मुबारक बाद देते मनोज कुमार सिंह



ग्रामीणों की समस्या से अवगत होते मनोज कुमार सिंह



महिला सशक्तिकरण पर चर्चा करते मनोज कु सिंह



सहयोगियों के साथ स्वरोजगार पर चर्चा करते मनोज कु सिंह



युवाओं के साथ रोजगार पर चर्चा करते मनोज कुमार सिंह



अपनी विचार व्यक्त करते मनोज कुमार सिंह



ट्रॉफी देते मनोज कुमार सिंह



कृषि चौपाल लगाते मनोज कुमार सिंह

निवेदकः प्रमोद सिंह, समाजसेवी, चौपारण जिला परिषद भाग 2

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## विष्णुगढ़ में जुटी पूरे हजारीबाग जिले के स्वास्थ्य विभाग की टीम, उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

### कोरोना टीकाकरण के एक लाख क्लब में शामिल हुआ विष्णुगढ़

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**

**मिथिलेश बर्मन**




कार्यक्रम का उद्घाटन करते स्वास्थ्य विभाग की टीम

देशभर में कोरोना टीकाकरण के 100 करोड़ का आंकड़ा छूने के साथ-साथ विष्णुगढ़ प्रखंड भी टीकाकरण के एक लाख क्लब में शामिल हो गया है। पूरे जिले में अब तक विष्णुगढ़ को हीं यह गौरव हासिल हुआ है। इस खुशी में शुक्रवार को विष्णुगढ़ सीएचसी में टीका उत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें पूरे जिले के स्वास्थ्य विभाग की टीम शामिल हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ० सरयू प्रसाद सिंह, डीएमओ डॉ० सी प्रतापन, आरसीएच पदा. धिकारी डॉ० कपिलमुनी प्रसाद, डीएलओ डॉ० रंजन, यूनिसेफ श्रीनंदजी दूबे, यूनिसेफ कॉर्डिनेटर सह उपायुक्त सुश्री आफरीन, एमओआईसी डॉ० अरूण कुमार सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर तथा एक वृद्धा का टीकाकरण कर किया गया। कार्यक्रम में जिले के केरेडारी, बड़कागांव, कटकमसांडी, चौपारण, बरही, चुरचू, इचाक, बरकट्ठा, हजारीबाग सदर, विष्णुगढ़ प्रखंड के स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी, बीपीएम, बीएएम भी शामिल हुए। मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों के कारण आज कोरोना टीक. ाकरण में भारत चीन को छोड़कर अन्य देशों से आगे है। यह सबसे बड़ी महामारी से मुकाबला करने में 100 करोड़ भारतीयों का कवच है। कहा कि इसके अलावा पूरे जिले में विष्णुगढ़ प्रखंड पहला ऐसा प्रखंड बन गया है, जिन्होंने एक लाख टीक. ाकरण का आंकड़ा पार कर लिया है। यह बड़ी उपलब्धि है। इसके लिए प्रखंड के सभी स्वास्थ्यकर्मियों का अतुलनीय योगदान व सार्थक प्रयास है। अब अगला लक्ष्य टीम माइक्रोप्लान (ड्यूलिस्ट) बनाकर लोगों को टीके की दूसरी डोज लगाना सुनिश्चित करें। प्रभारी चिकित्सा पदा. धिकारी ड० अरूण कुमार सिंह ने कहा कि सूबे में विष्णुगढ़ में कोरोना का दूसरा केस मिलने के बाद टीम युद्धस्तर पर लोगों को महामारी से बचाव एवं टीक. ाकरण के कार्य में जुटी रही। इसी का नतीजा है कि आज विष्णुगढ़ टीकाकरण के एक लाख क्लब में शामिल हुआ है। प्रखंड का सिरैय पंचायत शत प्रतिशत टीकाकरण से आच्छादित हो चुका है। ये भी एक उपलब्धि है। इसमें सभी का सराहनीय योगदान है। उत्सव कार्यक्रम के उपरांत स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक भी हुई। कार्यक्रम में बीपीएम पुष्पा श्रीवास्व, बीएएम प्रमोद कुमार, कोल्ड चौन हैंडलर शिवनंदन प्रसाद वर्मा, श्रीनिवास पांडेय, डॉ० एम शाहबान, डॉ० नीरज कुमार, डॉ० योगेन्द्र कुमार, डॉ० विनय पांडेय समेत कई चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## ग्राहक सेवा केंद्र का शुभारंभ फीता काट कर किया गया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**




ग्राहक सेवा केन्द्र का फिता काट कर उ)टन करते

बड़कागांव स्थित काली मंदिर के समीप राजेश गुप्ता के मकान में बैंक अ०फ इंडिया का ग्राहक सेवा केंद्र का शुभारंभ बैंक अ०फ इंडिया के वर्तमान प्रभारी प्रबंधक तुषार सिन्हा के द्वारा फीता काटकर किया गया। मौके पर ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक अजय तुरी ने कहा कि इस ग्राहक सेवा केंद्र के द्वारा ग्राहकों को हर संभव मदद पहुंचाया जाएगा। ग्राहकों का विश्वास जीतने पर जोर दिया जाएगा। मौके पर वर्तमान शाखा प्रबंधक तुषार सिन्हा, अजय कुमार, अशोक कुमार, गौतम कुशवाहा, सचिन सोनी संच. ालक अजय तुरी , सूरज कुमार के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बाल संसद का हुआ गठन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



बाल सांसद गठन में शामिल लोग

स्वामी विवेकानंद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर खरांटी में बाल संसद का गठन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र यादव की अध्यक्षता में बाल संसद का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें बाल संसद अध्यक्ष के रूप में आशीष कुमार एवं उपाध्यक्ष पल्लवी कुमारी को बनाया गया। वहीं खेल मंत्री चंदन कुमार, प्रार्थना मंत्री सौरभ कुमार, सफाई मंत्री सुशीला कुमारी, शिक्षा मंत्री प्रिया कुमारी, वित्त मंत्री देव. राज कुमार को चुना गया। कक्षा 6 से कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने वोट कर के बाल संसद का गठन किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र यादव, सहायक शिक्षक जितेंद्र प्रजा. पति, मोहन मोहन यादव, अनु कुमारी, बबीता कुमारी, अनिल कुमार साह, सुरेश प्रजापति, तालु सोरेन आदि उपस्थित थे।

## सिंदुवारी पंचायत के सिमर नदी बगीचा में त्रिवेणी के खिलाफ ग्रामीणों ने की बैठक

### सभी विस्थापित स्थानीय युवकों को रोजगार से जोड़ना होगा : रौशन लाल चौधरी

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



बैठक करते ग्रामीण

एनटीपीसी पंकरी बरवाडीह कोल माइन परियोजना के अधीन काम कर रहे त्रिवेणी सैनिक कंपनी के द्वारा नए वोल्वो गाड़ी लाया लाया गया है। जिसके साथ 40 बाहरी अ०परेटर (ड्राइवर) को भी लाया गया है इसके वि. रोध में सिंदुवारी गांव के विस्थापित ग्रामीण जनता ने बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता प्रदीप महतो व संचालन संजय कुमार कुशवाहा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह विधानसभा प्रभारी रौशन लाल चौधरी उप. स्थित हुए। जिसमें सर्वसम्मति से पारित किया गया कि सभी स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ना होगा। मौके पर मुख्य अतिथि रौशन लाल चौधरी ने सभी विस्थापित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि एनटीपीसी त्रिवेणी सैनिक कंपनी को बड़कागांव चिरूबरवाडीह कोल माइंस के सभी विस्थापितों ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ना होगा। पूर्व में भी जिला प्रशासन से आश्वासन मिला दिया गया था कि कंपनी में जो भी वर्कर रखेगा वह स्थानीय लोगों को रखा जाएगा। परंतु इसके बावजूद भी त्रिवेणी सैनिक कंपनी के द्वारा बाहरी लोगों को वोल्वो ऑपरेटर के रूप में रखा जा रहा है जो हम लोग कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे।एनटीपीसी त्रिवेणी सैनिक कंपनी को अगर बड़कागांव में अपना माइनिंग चलाना है तो बड़कागांव के विस्थापितों को रोजगार से जोड़ना होगा नहीं तो हम लोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। और अपना हक और अधिकार लड़ कर ले लेंगे। आगे उन्होंने कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्रामीणों को पिछले 15 वर्षो से एक ही परिवार के द्वारा ठगने का कार्य किया जा रहा है। इसको सभी ग्रामीणों को समझना होगा। पहले योगेंद्र साव परिवार के द्वारा कहा जाता था कि हम सरकार में नहीं हैं हम एनटीपीसी त्रिवेणी सैनिक के खिलाफ कुछ नहीं कर सकते। आज स्थानीय विधायक झारखंड सरकार में शामिल है साथ ही साथ मुख्यमंत्री के काफी करीबी भी माने जाते हैं परंतु आज भी बड़कागांव प्रखंड के विस्थापित रैयतों की स्थिति जस की तस है। आज यहां के स्थानीय विधायक क्यों नहीं मुख्यमंत्री से करवाकर यहां के विस्थापित प्रभावित ग्रामीणों को इंसाफ दिला रहे हैं। आज क्यों अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करने से इतरा रहे हैं। यह हम सभी को समझने की जरूरत है। जिस उम्मीद के साथ बड़कागांव विधानसभा के ग्रामीण यहां के स्थानीय विधायक को वोट देकर जिताये थे।सायद उस पर वह खरा उतरने का काम नहीं कर रहे हैं। और यहां के विस्थापित ग्रामीण जनता कंपनी के मार से त्रस्त हो गए हैं। आगे उन्होंने कहा कि जो 40 वोल्वो त्रिवेणी सैनिक कंपनी लेकर आई है व सभी 40 गाड़ियों में ऑपरेटर (ड्राइवर) सिर्फ और सिर्फ बड़कागांव के विस्थापित ग्रामीण जनता होना चाहिए। अगर ऐसा नहीं किया गया तो हम लोग कंपनी का चक्का जाम कर उत्पादन को ठप करने का काम करेंगे। क्योंकि यहां के हर एक कार्य में सिर्फ और सिर्फ यहां के ग्रामीण जनता विस्थापितों का हक और अधिकार है इसे कोई भी नहीं छीन सकता। और इस अधिकार को किसी को छीनने भी नहीं दूंगा चाहे इसके लिए मुझे ग्रामीण जनता के साथ मिलकर कुछ भी करना पड़े। साथ ही उन्होंने बताया कि कल देना 23 अक्टूबर दिन शनिवार को एनटीपीसी के ईडी को एक मांग पत्र सौंपा जाएगा जिसमें सभी विस्थापित ग्रामीण जनता उपस्थित होंगे। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय संदीप कुशवाहा, महेंद्र पा. सवान, संजीत राणा, अरुण कुशवाहा,राहुल कुमार,विनोद महतो, दिनेश्वर महतो, राजू महतो, कामेश्वर महतो, रंजीत कुमार, रियाजुल अंसारी, अमीत कुमार, राजेश कुमार,तुलेश्वर महतो,राजु महतो ,शशि कुमार, गुरुदयाल महतो, प्रयाग महतो, सुधीर महतो, मुकुल महतो ,रा. जेंद्र महतो सहित दर्जनों की संख्या में विस्थापित ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ को हराकर कुरकपनियां की टीम ने खिताब पर जमाया कब्जा

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**

**मिथिलेश बर्मन**



फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबला का उद्घाटन करते अतिथि

विष्णुगढ़ फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित फाइनल टूर्नामेंट शुक्रवार को विष्णुगढ़ प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में खेला गया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला विष्णुगढ़ बनाम कुरकपनियां की टीमों के बीच खेला गया। मैच का उद्घाटन विष्णुगढ़ बीडीओ संजय कुमार कोंगाड़ी, गंगिया देवी, विष्णुगढ़ प्रधान संजय कुमार, कार्यकारी जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल ने फुटबॉल में कीक मारकर मैच का उद्घाटन किया। मैच के दौरान दोनों हीं टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। पहली पाली के दौरान दोनों टीमें एक दूसरे के विरुद्ध कोई गोल नहीं कर सकी। दूसरी पाली में विष्णुगढ़ की टीम ने कुरकपनियां के विरुद्ध एक गोल कर अपना शानदार प्रदर्शन दर्ज किया। इसके तुरंत बाद कुरकपनियां की टीम ने बाजी पलट दी। विष्णुगढ़ के विरुद्ध दो गोल कर 2-1 से बढ़त बनाते हुए टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। विजेता टीम को नकद 20 हजार रूपए तथा ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 15 हजार रूपए नकद तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्य लोगों को क्लब द्वारा काजू का पौधा देकर सम्मानित किया गया। मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे थे। मौके पर जोधन प्रसाद, अवधेश कुमार, अनिल, अवधेश सोनी, किशुन महतो, रेफरी भुनेश्वर गोप, विक्रांत आदि की अहम भूमिका रही।




**आप भी है पत्रकार, आप अपने आस पास की समस्या, घटना से अपेम लाइव न्यूज को अवगत करा सकते हैं।**

**संपर्क-9431129570**

दिनांक: 22-10-2021

सच का साथी


# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## जमींदोज हो रही है करोडों के लागत से बनाए गए शौचालय

**अपेम लाइव : टाटीझरियां**
**राज कुमार यादव**



शौचालय की स्थिति

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत शौचालय निर्माण के लिए अनुदान पर करोड़ों रूपये खर्च करने के बावजूद आधे से अधिक की आबादी आज भी खुले में शौच जाते हैं। सरकारी संकल्पों के मुताबिक टाटीझरिया प्रखंड को खुले में शौच से मुक्त प्रखंड घोषित कर दिया जा चुका है। आलम यह है कि लाख कोशिशों के बावजूद लोग बाहर में ही शौच जाते हैं। शौचालय के उपयोग को लेकर गांव, पंचायत और प्रखंड स्तर तक बैठकों का दौर चलाया गया। हालांकि पहले से हालात सुधरे जरूर हैं। प्रखंड के टाटीझरिया, डहरभंगा, धरमपुर, डुमर, भराजो, खैरा, बेडम, झरपो पंचायत के कई गांवों में मनरेगा और पीएचईडी से रूपये देकर शौचालय बनाए गए हैं। बने शौचालयों में से पचास फीसदी से भी कम शौचालयों का ही मात्र उपयोग हो रहा है। इन शौचालयों की वास्तविक उपयोगिता को लेकर प्रशासन को जांच जरूर करनी चाहिए।

**कागजों में बने शौचालय, लाखों की हेराफेरी का हुआ खेल**

प्रखंड के पंचायतों में अ०डिट के दौरान ऐसे मामले भी आये जब लाभुकों का शौचालय बना ही नहीं और राशि निकाल ली गई। इस गड़बड़ घोटाले का मामला गरम होने के बाद फिर से ठंडे बस्ते में चला गया। शौचालय निर्माण के दौरान लाखों रूपयों का हेराफेरी का खेल हुआ है। प्रखंड के गांवों के बाहर खुले में शौच मुक्त गांव होने का झूठे दावे करने का बोर्ड मजाक का पात्र बना हुआ है। कई लाभुकों ने शौचालय निर्माण में गडबडी के संदर्भ में जांच की मांग रखी है।

**क्यों नहीं होता शौचालय का उपयोग**

सबसे पहले लोगों में जागरूकता की कमी। शौचालयों को मानक आधार पर नहीं बनाया गया है। शौचालय का आकार छोटा है, गड्ढे कम किए जाते हैं, पानी की कमी आदि समेत कई ऐसे कारण है जिसकी वजह से शौचालय का उपयोग नहीं हो पाता है। शौचालयों में लकड़ी, गोइठा समेत कई सामग्री रख दिया गया है। उसके बाद कहीं-कहीं नल उखाड़ दिया गया है, तो कहीं दरवाजा उखड़ गया है।

## केसीसी लक्ष्य पूरा नहीं होने कि शिकायत पर बीडीओ ने बैठक में बैंकरो को लगाई फटकार

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



बैठक करते बीडीओ व अन्य

प्रखंड के बैंकों में किसानों को केसीसी लक्ष्य पूरा नहीं करने को लेकर बीडीओ जितेंद्र कुमार पांडेय कि अध्यक्षता में प्रखंड मुख्यालय सभागार भवन में एक बैठक की गई। बैठक में बैंक मैनेजरों को जमकर फटकार लगाई गई तथा लक्ष्य को प्राप्ति के लिए दिशा निर्देश दी गई। भारतीय स्टेट बैंक 1363 में से 24, बैंक ऑफ इंडिया बड़कागांव 1564 में से 55, बैंक ऑफ इंडिया बादम 1360 में से 67, पंजाब नेशनल बैंक 56 में से 3 , आईडीआईबी 131 में से 8, झारखंड ग्रामीण बैंक बिश्रामपुर 122 में से 03, झारखंड ग्रामीण बैंक उरीमारी 170 में से 0, झारखंड ग्रामीण बैंक बड़कागांव 331 में से 22, बैंक ऑफ बड़ौदा 264 में से 42 लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन, बिटीएम विजय कुमार, एटीएम मोहम्मद जेया, बैंक प्रतिनिधियों में रामप्रकाश कुमार, सुरेंद्र कुमार प्रसाद, सौरभ सिंह, श्रीहंस सिंह, अश्वनी कुमार, संजय कुमार ,कृषक मित्र छोटू महतो, पारसनाथ प्रजापति, कमलनाथ महतो, ललित कुमार सिन्हा, कृष्ण देव प्रजापति, महेश गंझु इत्यादि दर्जनों किसान उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ सीओ के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, निकला जुलूस

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



विरोध प्रदर्शन करते भाजपा के कार्यकर्ता

विष्णुगढ़ सीओ के खिलाफ शुक्रवार को भाजपा पूर्वी मंडल इकाई ने प्रखंड सह अंचल मुख्यालय के समक्ष एकदिनी धरना दिया। धरना के माध्यम से सीओ के अमर्यादित व्यवहार के खिलाफ आवाज बुलंद की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो ने किया। इसके पूर्व जुलूस निकाल कर नारेबाजी की गई। धरना में वक्ताओं ने कहा कि अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है। सीओ रामबालक कुमार के अमर्यादित व्यवहार के कारण पीड़ित अपनी समस्याओं को नहीं रख पाते। बीते दिनों एक ग्रामीण के साथ उनके द्वारा दुर्व्यवहार का आरोप लगाया गया। इसके विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। कहा कि इसके बाद भी सीओ के आचरण में सुधार नहीं आया तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। धरना के उपरांत राज्यपाल के नाम बीडीओ के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें सीओ के विष्णुगढ़ अंचल कार्यालय तबादला करने की मांग की गई। मौके पर कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गिरिडीह : जल संकट : डिप्टी मेयर ने निरीक्षण कर कहा 50 फीसदी हो चुका काम

**अपेम लाइव :गिरिडीह**
**रोहित कुमार**



निरीक्षण करते डिप्टी मेयर

पिछले तीन दिनो से शहर के आधे हिस्से के लोगों को पानी नही मिल पा रहा है। यदि सबकुछ ठीक ठाक रहा तब ही रविवार यानी 24 अक्टूबर को शहर को खंडोली का पानी मिल सकता है। वरना कहीं पाइपलाइन को जोड़ने में कुछ गड़बड़ी हुई तो कम से कम और दो और दिन यानी मंगलवार तक शहर को पानी के लिए तरसना पड़ सकता है। ये बाते पाइपलाइन का काम कर रहे संवेदक रतन गुप्ता ने उस वक्त कही जब डिप्टीमेयर प्रकाश सेठ और अर्बन प्लानर मंजूर आलम काम का निरीक्षण करने गए थे। हालांकि यह भी कहा कि पूरी संभावना है कि रविवार तक पानी की आपूर्ति शहर को हो जाएगी। यदि पहले काम पूरा हो जाए तो रिवार्ड भी मिलना चाहिए।

**बुधवार से बंद है पेयजल आपूर्ति'**

डिप्टी मेयर प्रकाश सेठ ने कहा कि हर हाल में रविवार को पानी मिलेगा। क्योंकि पाइप जोड़ने का काम 50 फीसदी पूरा हो चुका है। कहा कि उन्होंने संवेदक को काम में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं करने के सख्त चेतावनी दी है।

**टैंकर से कहीं नहीं मिल रहा पानी : बाबुल प्रसाद**

पूर्व वार्ड पार्षद बाबुल गुप्ता ने कहा कि शहर के कई मोहल्लों में पानी का घोर किल्लत है। राजेंद्र नगर, पुलिस लाइन, चंदन नगर, जयराम नगर, बरवाडीह और गांधी गली में ना तो कुआं है और ना ही चापानल है।










डेस्क प्रभारीः विरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी